कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025 **दिनांक 09/04/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 08.04.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना नन्दगंज पुलिस टीम द्वारा चोरी की 13 अदद सोलर बैटरी व एक अदद बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल के साथ 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08.04.2025 को उ0नि0 श्री रमेश तिवारी मय हमराह क्षेत्र में मामूर होकर कस्बा नन्दगंज में संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग किया जा रही थी कि मुखबिर खास कि सूचना पर अभियुक्तगण दीपराज चौहान पुत्र राजेन्द्र चौहान निवासी ग्राम सरवर नगर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष तथा रामश्रय बिन्द पुत्र छोटे लाल बिन्द निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष को रामपुर बन्तरा अण्डर पास से ग्राम कोरियाडिह सरकारी पानी टंकी पर लगे सोलर ऊर्जा की 13 अदद सोलर बैटरी व एक अदद बिना नम्बर प्लेट की सुपर स्पेलेण्डर मोटर साईकिल के साथ 02 नफ़र अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में वादी मुकदमा श्री शशिकान्त यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी ग्राम बरहपुर (मडई) थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर के लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 102/2025 धारा 302(2), 317(2) बी0एन0एस0 में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. दीपराज चौहान पुत्र राजेन्द्र चौहान निवासी ग्राम सरवर नगर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष
2. रामश्रय बिन्द पुत्र छोटे लाल बिन्द निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

सोलर ऊर्जा की 13 अदद सोलर बैटरी व एक अदद चोरी की मोटर साइकिल।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 102/2025 धारा 302(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर